पंजाब केसरी 03/01/2024

जी.एम.एन. कालेज के एन.सी.सी. कैडेट महकप्रीत सिंह का हुआ गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयन

अम्बाला, 2 जनवरी (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज के तृतीय वर्ष के छात्र, एन.सी.सी. कैडेट सीनियर अंडर ऑफिसर महकप्रीत सिंह, ने 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने के लिए चुने जाने का प्रतिष्ठित सम्मान अर्जित किया है।

उनके चयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि महकप्रीत सिंह के अनुकरणीय नेतृत्व और राष्ट्रीय कैडेट कोर के प्रति प्रतिबद्धता ने उन्हें आज यह उपलब्धि प्रदान की है। परिणामस्वरूप उन्हें जी.एम.एन. कालेज का प्रतिनिधित्व करने और गणतंत्र दिवस परेड के कर्तव्य पथ पर अपने कौशल का प्रदर्शन करने का यह उल्लेखनीय अवसर मिला है।

इस अवसर पर कैप्टन, डा. एस.एस. नैन, एन.सी.सी. अधिकारी ने कहा कि महकप्रीत सिंह का चयन उनके समर्पण, अनुशासन और असाधारण क्षमताओं का प्रमाण है। परेड में उनकी भागीदारी न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धियों को दर्शाती है, बल्कि जी.एम.एन. कालेज और पूरे अम्बाला कैंट को गौरव और मान्यता भी दिलाती है।